अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)

शैक्षणिक भवन, मुगालिया कोट, सुखी सेवानिया, विदिशा मार्ग,भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755 – 2558608
वेबसाइट : www.abvhv.org, अणुडाक : abvhv@gmail.com

क्रमांक 3684 अबिवाहिविवि / 2021–22 भोपाल दिनांक 14/12/22

तृतीय दीक्षांत समारोह

25 दिसम्बर 2022, रविवार

प्रिय विद्यार्थियों,

मुझको आपको यह सूचित करते हुए परम हर्ष हो रहा है कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 25 दिसंबर 2022, रविवार को प्रातः 11:30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) राजा भोज हॉल भोपाल के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2021 एवं 2022 में जिन विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर एवं स्नातक के अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है उनको उपाधि प्रदान की जाएगी।

आप सभी उपाधि अर्जित विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ तथा तृतीय दीक्षांत समारोह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने हेतु हार्दिक आमंत्रित करता हूँ।

कृपया यह ध्यान रखे कि इस दीक्षांत समारोह में उन्ही विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जावेगी जिन्होनें पंजीयन शुल्क जमा कि है। ऐसे विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षणिक परिधान में उपस्थित होगें। विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिधान निम्नानुसार निर्धारित किया गया है।

महिला साड़ी ब्लाउज	**रंग** क्रीम रंग की साडी लाल बार्डर के साथ ब्लाउज लाल
उत्तरीय (अंग वस्त्र) अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के प्रतीक चिन्ह् (लोगो) के साथ	पीला रंग लोगो केसरिया रंग
साफा	पीला रंग
पुरूष कुर्ता, पायजामा या धोती	कुर्ता सफेद, पायजामा चूड़ीदार / धोती सफेद
उत्तरीय (अंग वस्त्र) अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के प्रतीक चिन्ह् (लोगो) के साथ	पीला रंग लोगो केसरिया रंग
साफा	पीला रंग

उत्तरीय एवं साफा की विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा व्यवस्था की जावेगी। जिसे विद्यार्थी दीक्षांत समारोह की स्मृति के रूप में रख ले। शेष शैक्षणिक परिधान (साड़ी, ब्लाउज छात्राओं के लिए और कुर्ता, पायजामा एवं धोती छात्रों के लिए) स्वयं विद्यार्थियों द्वारा व्यवस्था की जावेगी। सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि दिनांक 25/12/2022 को सुबह 9:30 बजे तक अनिवार्य रूप से निर्धारित परिधान में उपस्थित होवे तथा निर्धारित समय के पश्चात आने वाले विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में प्रवेश नही दिया जावेगा।

14.12.22
(डॉ. राजीव वर्मा)
प्रभारी, कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,